समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 18 August 2026

# एयर इंडिया और एयर मॉरिशस ने की कोडशेयर साझेदारी, दक्षिण अफ्रीका और मेडागास्कर की यात्रा अब होगी आसान।

Publisher

Published on 02 Jun 2025



## IATA की बैठक मे हुंआ समझौता, 17 नए रूट्स पर कोडशेयर से यात्रियों को एक ही टिकट पर मिलेगी सुविधाजनक यात्रा।

**नई दिल्ली :** भारत की अग्रणी **अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन एयर इंडिया** और **मॉरिशस की राष्ट्रीय एयरलाइन एयर मॉरिशस** ने अपनी कोडशेयर साझेदारी को और अधिक मजबूत किया है। इस समझौते के तहत अब दोनों एयरलाइंस कुल **17 मार्गों (रूट्स)** पर कोडशेयर करेंगी, जिससे **भारत, मॉरिशस, दक्षिण अफ्रीका, मेडागास्कर** और **रीयूनियन** के बीच यात्रा पहले से कहीं अधिक सुगम और सुविधाजनक हो जाएगी।

यह समझौता **IATA की 81वीं वार्षिक** आम बैठक के अवसर पर नई दिल्ली में हुआ, जिसमें **एयर इंडिया के सीईओ और एमडी कैपंबेल विल्सन तथा एयर मॉरिशस के चेयरमैन किशोर बीगू** मौजूद रहे।

**अब इन 17 मार्गों पर मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी :**
समझौते के तहत **एयर इंडिया** अब **एयर मॉरिशस** की उड़ानों पर अपना '**AI**' **डिज़ाइनेटर कोड** लगाएगी, जिससे यात्रियों को **केप टाउन, जोहान्सबर्ग (दक्षिण अफ्रीका)** और **एंटानानरीवो (मेडागास्कर)** जैसी गंतव्यों तक सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। इन सभी मार्गों पर यात्रियों को मॉरिशस के जरिए ट्रांजिट की सुविधा मिलेगी और वे एक ही टिकट पर यात्रा और बैगेज ट्रांसफर का लाभ उठा सकेंगे।

**एयर मॉरिशस भारत के इन शहरों तक पहुंच बनाएगी :**

**एयर मॉरिशस** अब **एयर इंडिया** की उड़ानों पर अपना '**MK**' **डिज़ाइनेटर कोड** इस्तेमाल करेगी, जो **मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता** और **गोवा** जैसे प्रमुख शहरों को कवर करेगा। इसके साथ ही अब **मॉरिशस** और **मुंबई** के बीच एयर इंडिया की उड़ानों पर भी एयर मॉरिशस का कोड देखने को मिलेगा।

**क्या बोले दोनों कंपनियों के अधिकारी :**

एयर इंडिया के **सीईओ कैपंबेल विल्सन** ने कहा, "**भारत, दक्षिण अफ्रीका** और **मॉरिशस** जैसे देश पर्यटन और व्यापार के बड़े स्रोत हैं। एयर मॉरिशस के साथ यह साझेदारी हमारे वैश्विक नेटवर्क को और विस्तार देगी और यात्रियों को बेहतर विकल्प और कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।"

**एयर मॉरिशस के चेयरमैन किशोर बीगू** ने इस साझेदारी को लेकर कहा,
"भारतीय यात्रियों को अब मॉरिशस के साथ-साथ रीयूनियन, दक्षिण अफ्रीका और मेडागास्कर तक भी बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। एयर इंडिया के साथ यह सहयोग हमारे नेटवर्क को मजबूत करेगा।"

**कब से शुरू होंगी कोडशेयर फ्लाइट्स ?**

यह नई कोडशेयर साझेदारी **1 जुलाई 2025** से प्रभाव में आएगी। यात्री इन उड़ानों की बुकिंग **एयर इंडिया** और **एयर मॉरिशस** की आधिकारिक वेबसाइटों तथा अधिकृत ट्रैवल एजेंट्स के माध्यम से कर सकेंगे।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.